पुलवामा वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी

दिनांक : 14 फरवरी, 2025 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के 102 यू.पी. बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स ने पुलवामा वीरों को पुष्प अर्पण और दीप जलाकर समपर्णम भाव से श्रद्धांजलि दिया।

14 फरवरी 2019 को जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा क्षेत्र में आतंकी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 जवान शहीद हो गए थे। ब्लैक डे के रूप में घोषित आज के दिन राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स ने वीर जवानों के नाम दीप जलाकर समपर्णम भाव अर्पण किया। पुष्प अर्पण करते हुए नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डी.एस. अजीथा ने कहा कि आज का दिन वीर योद्धाओं के शौर्य को नमन करने का है। पुलवामा की आतंकी घटना ने सिर्फ हमारे देश के वीर जवानों को ही नहीं छीना बल्कि परिवार से आत्मीय रिश्ते को भी बिखेर दिया है। शहीदों के परिवारों के साथ हम सभी की भावनाएं उन्हें जीवन का संबल देता रहेगा।

आज महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स ने एक–एक दिया शहीदों को समर्पित कर देश के प्रति अपने कर्तव्यों को नई रोशनी दिखाया है जिससे सभी को प्रेरणा ऊर्जा मिलता रहेगा। आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश और शहीदों की शहादत को सम्मान देने के लिए देशवासियों को इस दिन को नमन करने का संकल्प लेना चाहिए। पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों का बलिदान देशवासियों के लिए अमूल्य है। उनके संघर्ष और शौर्य की कहानी न केवल उनके परिवारों के लिए बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी। शहीदों का बलिदान हमें यह सिखाता है कि मातृभूमि की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाना पड़ता है, सोसियेट एनसीसी आफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा की पुलवामा के वीर जवान सैन्य सेवा के स्वर्ण पन्नो पर सदैव अंकित हो गए। उनका सैन्य जीवन, सेवा कर्तव्य निष्ठा समर्पण युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा दायक है। भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक किया, जिसे 'बालाकोट एयर स्ट्राइक' के नाम से जाना जाता है।

इस हमले ने यह साबित कर दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ हर कदम पर तैयार है और शहीदों के बलिदान का बदला लिया। 'पुलवामा में शहीद हुए वीर शहीदो में रोहितास लांबा, रतन कुमार ठाकुर, मोहन लाल जी, संजय राजपूत, नारायण लाल गुर्जर, संजय कुमार सिन्हा, भागीरथ सिंह, पी.के. साहू, बबलू संतारा,गुरू एच, जीत राम, कुलविंदर सिंह,सी शिवचंद्रन, मनेश्वर सुमातारी, सुदीप बिस्वास, सुब्रमण्यम जी, संता कुमार वीवी, मनोज कुमार बेहरा, विजय सोरेंग, सुखजिंदर सिंह, नसीर अहमद, हेमराज मीणा, नितिन, शिवाजी राठौड़, मनिंदर सिंह अत्री, जयमाल सिंह, विजय कुमार मौर्या, महेश कुमार, कौशल कुमार रावत, अश्वनी कुमार काओची, प्रदीप कुमार, अमित कुमार, वीरेंद्र सिंह, राम वकील, अवधेश कुमार यादव, रमेश यादव, श्याम बाबू, प्रदीप सिंह, अजीत कुमार आजाद, तिलकराज, शहीद पंकज कुमार त्रिपाठी के नाम दिया जलाकर समपर्णम भाव नमन किया। कैडेट्स ने भारत माता की जय और वंदेमातरम् के उदघोष से शहीदों को याद किया।

सीनियर अंडर आफिसर सागर जायसवाल सार्जेंट खुशी गुप्ता, सार्जेंट आदित्य विश्वकर्मा, कॉरपोरल अभिषेक चौरसिया, लांस कॉरपोरल हर्यश्व साहनी, कृष्णा, आशुतोष मणि, अमृता, अस्मिता सिंह, प्रीति शर्मा, अमित चौधरी, चांदनी निषाद, खुशी यादव, संजना शर्मा, अतिका तिवारी, उजाला सिंह, अर्पिता राय, विकाश यादव, अभिषेक मिश्रा, अरुण विश्वकर्मा, अरविन्द विश्वकर्मा, रघुवीर प्रताप सिंह, अनुभव पाण्डेय, आदित्य सिंह, नीलेश यादव, शिखर पाण्डेय, राहुल कुमार, अमन, काजल गौतम, प्रियेश राम त्रिपाठी, आदित्य पांडेय, काजल, विवेकानंद यादव, राहुल यादव ने सभी विद्यार्थियों संग दीप जलाकर भावांजलि भाव समर्पण किया।